आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.11.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- आज विश्व सुनामी जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में पर्यटन क्षेत्र में सेवा प्रदाताओं के कौशल उन्नयन के लिए 'पर्यटन मित्र' की शुरुआत की गई है।
- सहायक आयुक्त विक्रम सिंह ने पर्यटन हितधारकों से मानसून के मौसम में भी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रणनीति तैयार करने का आग्रह किया।
- देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार पुलिस के जी सुरेश कुमार को केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से नवाज़ा गया।

<><><><><><><>

आज विश्व सुनामी जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश के सभी तटीय और केन्द्रशासित प्रदेशों में राष्ट्रीय सुनामी बनावटी अभ्यास आयोजित किया गया। भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्र, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर भी आज अभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन के विभिन्न विभागों के सभी आपातकालीन सहायता कार्यकर्ताओं, आपातकालीन संचालन केंद्र, कमान, एनडीआरएफ और प्रशासन के अन्य हितधारकों ने भाग लिया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भूकंप का अनुसरण करके हिंद महासागर में सुनामी की निगरानी और चेतावनी जारी करना था। अभ्यास के दौरान हिंद महासागर के देशों में बनाई गई सुनामी स्थितियों के दौरान संचार चैनलों व निर्णय लेने का परीक्षण किया गया। इस अभ्यास में आपदा प्रबंधन संगठन के संचार प्रोटोकॉल, मानक संचालन प्रकिया, सुनामी चेतावनी और आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए योजनाओं और नीतियों का परीक्षण किया गया।

<><><><><><><>

पर्यटन मंत्रालय ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पर्यटन विभाग के सहयोग से पर्यटन क्षेत्र में सेवा प्रदाताओं के कौशल उन्नयन के लिए 'पर्यटन मित्र' की शुरुआत की है, ताकि पर्यटकों को बेहतर सेवा प्रदान की जा सके। 'पर्यटन मित्र' के दूसरे चरण के उद्घाटन अवसर पर स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सेवा प्रदाताओं के बीच कौशल उन्नयन के दूसरे चरण के

शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पर्यटन हितधारकों से मानसून के मौसम में भी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। सहायक आयुक्त ने पर्यटन हितधारकों से पर्यटकों को पक्षी दर्शन, तारामंडल देखने, प्रकृति की सैर आदि के लिए भी प्रोत्साहित करने को कहा, ताकि द्वीपसमूह आने वाले पर्यटकों को कुछ नया अनुभव मिल सके। मुख्य अतिथि ने इन द्वीपों के युवाओं को विदेशी भाषाएं सीखने पर बल दिया। सेवा प्रदाताओं के लिए कौशल उन्नयन के लाभों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन हितधारकों को आने वाले पर्यटकों के लिए नए क्षेत्रों और गतिविधियों की खोज करनी चाहिए, ताकि वे दूसरों को द्वीपसमूह में आने के लिए प्रेरित कर सके जिससे द्वीपों के पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के पर्यटन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अब्दुल सलाम ने अपने संबोधन में दूसरे चरण के कौशल उन्नयन कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए सरकार की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीबीए के विद्यार्थियों को पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में आवश्यक जानकारी दी जा रही है तथा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से उनका ज्ञान और बढ़ेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की प्रबंधक राबिया बीबी ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय की ओर से दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भारत के पचास गंतव्यों में से एक बार फिर द्वीपसमूह का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रशिक्षण में हेरिटेज वॉक, होम स्टे एक्सपीरियंस, फूड कोर्ट, हस्तशिल्प और शिल्पकार जैसे क्षेत्रों को शामिल किए जाने की उम्मीद है। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए पर्यटन मित्र के समन्वयक और अंडमान निकोबार पर्यटक वाहन संचालन संघ के सदस्य सचिव अंकित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पहले चरण में कैब चालक, खाद्य विक्रेता, स्वयं सहायता समूह और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के छात्रों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

<><><><><><><>

नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर विनोद के0 पॉल ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमता यानी ए आई स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई औपचारिक स्थितियों के प्रति सटीक और सही दृष्टिकोण अपनाने में मदद करती है। उन्होंने भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ–फिक्की के अट्ठारहवें वार्षिक स्वास्थ्य देखभाल सम्मेलन में यह बात कही। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है– स्वस्थ भारत विकसित भारत। इस विषय पर डॉक्टर पॉल ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य सेवायें विकसित देशों के स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति देश के आय स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा। डॉक्टर पॉल ने कहा कि देश को सबसे बड़ा उपभोक्ता बनने के बजाय प्रौद्योगिकी का सबसे बड़ा उत्पादक बनने का लक्ष्य रखना चाहिए।

<><><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी छठ पूजा समिति की ओर से भगवान सूर्य देव की आराधना का पर्व कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी किया जाएगा। पूजा समिति की ओर से सात नवम्बर को शाम चार बजकर अड़तालीस मिनट पर कार्वाइंस कोव तट पर डूबते हुए सूर्य को और आठ नवम्बर को सुबह पांच बजकर सोलह मिनट पर उगते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। इस अवसर पर पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। पूजा समिति की ओर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले लोगों की सुविधा के लिए राज्य परिवहन विभाग की ओर से विशेष बस सेवा का भी बंदोबस्त किया गया है। कामराज नगर से सात तारीख को शाम तीन बजे, डॉलीगंज, शिव कॉलोनी, अट्टम पहाड़ से शाम तीन से साढ़े तीन बजे, बस अड्डा से कार्वाइंस कोव तट तक के लिए शाम चार बजे से और बस अड्डा से एवं चाथम से कार्वाइंस कोव तट के लिए शाम चार बजे बस सेवा उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के जी सुरेश कुमार को केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से नवाज़ा गया। जघन्य हत्या के मामले को सुलझाने के लिए जी सुरेश कुमार को यह पदक दिया गया। इक्कतीस अक्तूबर को गृहमंत्रालय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर इस पुरस्कार की घोषणा की। पुलिस महानिदेशक हरगोविन्द सिंह धालीवाल और अन्य सभी पुलिस अधिकारियों ने उन्हें इस सम्मान के लिए बधाई दी।

<><><><><><><>

डीब्रेट में सिविल इंजीनियरिंग विभाग में अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए कौशल परीक्षा आठ नवम्बर को ली जाएगी। उम्मीदवार योग्यता का विवरण, कौशल परीक्षा का कार्यक्रम और डेमो के विषयों की जानकारी संस्थान की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष जयदीप कुमार डे और अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य के कर्मचारी संघ के सदस्यों ने संघ के सदस्य आर. बृंदा राव के निधन पर शोक प्रकट किया है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–मधुमेह रोग, कारण, लक्षण और उपचार। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. दिवेश पांडे

श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चालीस दशमलव दो मिलीमीटर, मायाबंदर में इक्कतीस दशमलव दो, श्री विजयपुरम में सोलह दशमलव एक, हटबे में सात और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दो दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

**<><><><><><><>**